रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-128

REGISTERED NO. D. (D..)

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 515] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 12, 1987/आश्विन 20, 1909
No. 515] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 12, 1987/ASHVINA 20, 1909

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर, 1987

अधिसूचना

का. आ. 900(अ) :- एक स्कीम अर्थात मद्रास गैरपंजीकृत डाक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिक (रोजगार का विनियमन) स्कीम, 1987 का निम्नलिखित मसौदा, जिसे केन्द्र सरकार का, डाक श्रमिक (रोजगार का विनियमन) अधिनियम, 1948 (1948 का 9) की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बनाने का प्रस्ताव है, इसके द्वारा प्रभावित होने की संभावना वाले सभी व्यक्तियों की सूचना के लिए उक्त उपधारा की अपेक्षानुसार एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है और नोटिस दिया जाता है कि उक्त मसौदे पर, इस अधिसूचना के सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों की समाप्ति पर या उसके बाद विचार किया जाएगा।

2. किसी, व्यक्ति से उक्त अवधि के अंदर प्राप्त होने वाली आपत्तियों या सुझावों पर केन्द्र सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

स्कीम का प्रारूप

1, लघु शीर्ष एवं प्रारंभः--(i) यह स्कीम मद्रास गैर-पंजीकृत डाक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिक (रोजगार का विनियमन) स्कीम, 1987 कही जाएगी (इसके बाद इसे "स्कीम" कहा गया है)।

(ii) यह, सरकारी राजपत्र में इसके अंतिम रूप से प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होगी।

2. उद्देश्य और प्रयोग :— स्कीम के उद्देश्य हैं: (i) डाक क्लीयरिंग एण्ड फारवर्डिंग वर्कर्स के लिए रोजगार में अधिक नियमितता सुनिश्चित करना और यह कि डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग कार्य के कुशल निष्पादन के लिए पर्याप्त संख्या में डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिक उपलब्ध हों।

(ii) यह स्कीम मद्रास पोर्ट से संबंधित है और अनुसूची 1 में वर्णित गोदी कार्य और गोदी श्रमिकों के वर्ग और विवरण पर लागू होती है:

बशर्ते कि यह स्कीम किसी गोदी श्रमिक पर तब तक लागू नहीं होगी जब तक वह डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिक के रूप में रोजगार में नहीं है या रोजगार के लिए सूचीबद्ध नहीं है।

(iii) यह स्कीम अनुच्छेद 3 के उप अनुच्छेद (ठ) और (ड) में परिभाषित सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एंड फारवर्डिंग श्रमिकों और सूचीबद्ध नियोक्ताओं पर लागू होगी।

3. परिभाषाएं :— स्कीम में यदि विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, तो -

(क) "अधिनियम" का अर्थ है-गोदी श्रमिक (रोजगार का विनियमन) अधिनियम, 1948 (1948 का 9);

(ख) "प्रशासनिक निकाय" का अर्थ है—अनुच्छेद 4 के तहत नियुक्त प्रशासनिक निकाय;

(ग) "बोर्ड" का अर्थ है - मद्रास डाक लेबर बोर्ड;

(घ) "अध्यक्ष" का अर्थ है - बोर्ड का अध्यक्ष;

(ड) "उपाध्यक्ष" का अर्थ है – बोर्ड का उपाध्यक्ष ;

(च) "दैनिक श्रमिक" का अर्थ है – सूचीबद्ध डाक ग एंड फारवर्डिंग श्रमिक जो मासिक श्रमिक नहीं है ;

(छ) "नियोक्ता" का अर्थ है – वह व्यक्ति जिसके द्वारा अनुच्छेद 15 के उप अनुच्छेद (1) के मद (ख) और (ग) के तहत डाक क्लीयरिंग एंड फारवर्डिंग श्रमिक नियुक्त किया जाता है या नियुक्त किया जाना है। जिसमें क्लीयरिंग एजेंट, आयातक, निर्यातक या क्लीयरिंग और फारवर्डिंग कार्य में लगा ठेकेदार शामिल हैं;

(ज) "गोदी कार्य" का अर्थ है – उन स्थानों या अहातों पर क्लीयरिंग और फारवर्डिंग कार्य जिससे स्कीम संबंधित है, सामान्य रूप से डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिकों द्वारा निष्पादित, जिनके बारे में स्कीम लागू होती है;

(झ) "नियोक्ता रजिस्टर" का अर्थ है – स्कीम के तहत रखा गया नियोक्ता रजिस्टर;

(ञ) "रजिस्टर या रिकार्ड" का अर्थ है—स्कीम के तहत डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिकों का रखा गया रजिस्टर या रिकार्ड ;

(ट) "सूचीबद्ध" डाक क्लीयरिंग एंड फार्वडिंग वर्कर्स का अर्थ है – वह गोदी श्रमिक जिसका नाम फिलहाल रजिस्टर या रिकार्ड में दर्ज है;

(ठ) "श्रम अधिकारी का अर्थ है – बोर्ड द्वारा अनुच्छेद 12 के तहत नियुक्त श्रम अधिकारी;

(ड) "मासिक श्रमिक" का अर्थ है—सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिक जिन्हें किसी नियोक्ता या ऐसे नियोक्ताओं के किसी दल द्वारा करार के तहत मासिक आधार पर लगाया जाता है जिसमें किसी भी पक्ष की ओर से एक माह के नोटिस पर रद्द किया जा सकता है ;

(ढ) "कार्मिक अधिकारी" का अर्थ है – बोर्ड द्वारा अनुच्छेद 5 के तहत नियुक्त कार्मिक अधिकारी;

(ण) "सूचीबद्ध नियोक्ता" का अर्थ है – वह नियोक्ता जिसका नाम फिलहाल नियोक्ता रजिस्टर में दर्ज है ;

(त) "नियम" का अर्थ है – गोदी श्रमिक (रोजगार का विनियमन) नियम, 1962;

(थ) "अनुसूची" का अर्थ है – स्कीम के साथ संलग्न अनुसूची ;

(द) "सप्ताह" का अर्थ है – शनिवार की मध्यरात्रि से लेकर अगले शनिवार की मध्यरात्रि तक की अवधि ।

4. प्रशासनिक निकाय:– (i) केन्द्रीय सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा कोई निकाय नियुक्त करेगी, जिसमें क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिकों के नियोक्ता होंगे, या कोई अन्य प्राधिकारी को स्कीम के दैनिक प्रशासन के प्रयोजन के लिए प्रशासनिक निकाय नियुक्त करेगी।

(ii) प्रशासनिक निकाय, बोर्ड और अध्यक्ष के पर्यवेक्षण और नियंत्रण तथा अनुच्छेद 11 और 42 के उपबंधों की शर्तों पर स्कीम का दैनिक प्रशासन करेगा।

(iii) केन्द्रीय सरकार पर्याप्त कारणों से उप अनुच्छेद (1) के तहत नियुक्त किसी प्रशासनिक निकाय को हटा सकती है :

बशर्ते कि प्रशासनिक निकाय को तब तक नहीं हटाया जाएगा, जब तक इसे सुनवाई का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जाता।

5. कार्मिक अधिकारी और अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी—बोर्ड कार्मिक अधिकारी और ऐसे अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों को नियुक्त करेगा और उन्हें वेतन और भत्ता देगा और ऐसी सेवा शर्तें निर्दिष्ट करेगा, जैसा कि उचित समझे :

बशर्ते कि कोई भी पद जिसकी अधिकतम सीमा भत्तों को छोड़कर प्रतिमाह दो हजार रुपए और उससे अधिक है, उसका सृजन नहीं किया जाएगा और ऐसे पदों पर केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन को छोड़कर बोर्ड द्वारा कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी :

पुनः बशर्ते कि तीन माह की अवधि की अस्थायी रिक्ति में नियुक्ति के लिए केन्द्रीय सरकार की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी।

6. बोर्ड के कार्य:— (1) बोर्ड निम्नलिखित बातों के लिए उपायों सहित अनुच्छेद 2 में निर्दिष्ट स्कीम के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अपेक्षित उपाय करेगा :—

(क) समिति की नियुक्ति, समाप्ति, पुनर्गठन ,

(ख) पत्तन के माध्यम से जल्दी-जल्दी माल के आवागमन के लिए पर्याप्त संख्या में डाक क्लीयरिंग एंड फारवर्डिंग श्रमिकों की सप्लाई और श्रमिकों का उचित उपयोग सुनिश्चित करना ;

(ग) प्रविष्टि और डिस्चार्ज, का विनियमन करना और सूचीबद्ध नियोक्ताओं में उनका आबंटन; डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिकों की स्कीम के अंतर्गत भर्ती ,

(घ) रजिस्टर या रिकार्ड में सूचीबद्ध नियोक्ताओं और सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एंड फारवर्डिंग श्रमिकों की संख्या नियत करना और उसकी समीक्षा करना तथा किसी ऐसे रजिस्टर या रिकार्ड में संख्या में वृद्धि और कमी करना ;

(ङ) नियोक्ता रजिस्टर रखना, उसमें समायोजन और अनुरक्षण या उसमें किसी नियोक्ता का नाम फिर से दर्ज करना और जहां ऐसी परिस्थिति में अपेक्षित हो, वहां किसी सूचीबद्ध नियोक्ता का नाम उसके अपने अनुरोध पर या स्कीम के उपबंधों के अनुसार उसमें से हटाना ;

(च) ऐसे श्रमिकों, जो क्लीयरिंग और फारवर्डिंग कार्य के लिए अस्थायी तौर पर उपलब्ध नहीं होते हैं, के रजिस्टरों या रिकार्डों सहित डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिकों और जिनको अनुपस्थिति प्रशासनिक निकाय द्वारा अनुमोदित की गई है तथा जहां ऐसी परिस्थितियां अपेक्षित हो, किसी सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिक का, उसके अनुरोध पर या स्कीम के प्रावधान के अनुसार, रजिस्टर या रिकार्ड से नाम हटाने के लिए समय-समय पर ऐसे रजिस्टरों या रिकार्डों को रखना समायोजित करना और रख-रखाव करना ;

(छ) सभी सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एंड फारवर्डिंग श्रमिकों का ऐसा समूह बनाना जैसाकि बोर्ड द्वारा प्रशासनिक निकाय के परामर्श से तय किया जाएगा और उसके बाद प्रशासनिक निकाय या सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एंड फार्वडिंग श्रमिकों द्वारा आवेदन करने पर किसी सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एवं फार्वडिंग श्रमिकों के समूहों की समीक्षा करना ;

(ज) क्लीयरिंग एंड फारवर्डिंग कार्य के हित और अपेक्षाओं की सुरक्षा जिसके लिए बोर्ड को विभिन्न श्रेणियों के श्रमिकों को परस्पर परिवर्तन करने और स्कीम की अधिसूचना की तारीख और उसके बाद समय-समय पर रोजगार के उपलब्ध अवसर के बारे में श्रमिकों की अधिकतम आवश्यकता नियत करने का अधिकार होगा .

(झ) सूचीबद्ध क्लीयरिंग एंड फार्वडिंग श्रमिकों की चिकित्सा सेवाओं सहित उनके प्रशिक्षण और कल्याण का प्रावधान करना ;

(ञ) स्कीम के प्रशासन के लिए सूचीबद्ध नियोक्ताओं पर अंशदान की लेवी और उसकी उगाही ;

(ट) किसी भी कानून जो उस समय प्रवर्तन में है की अपेक्षाओं के अनुसार जहां-जहां ऐसा प्रावधान नहीं है, उन स्थानों पर स्वास्थ्य और सुरक्षा उपायों का प्रावधान करना जहां डाक कर्मोपरिया एवं फार्वर्डिंग श्रमिक नियुक्त हैं ;

(ठ) सूचीबद्ध डाक कर्मोपरिया एवं फार्वर्डिंग श्रमिकों के लिए भविष्य निधि, ग्रेच्युटी निधि और पेंशन स्कीम का अनुरक्षण और प्रशासन ;

(ड) धन उधार लेना या जुटाना और ऋणपत्र या अन्य सिक्योरिटियां जारी करना तथा किसी प्रकार का ऋण या दायित्व प्राप्त करने के लिए बोर्ड की पूरी या आंशिक संपत्ति को बंधक रखना या उस पर प्रभार वसूलना ;

(ढ) सूचीबद्ध डाक कर्मोपरिया एवं फार्वर्डिंग श्रमिकों के लिए फोटो पहचान पत्र जारी करना ;

(ण) केन्द्रीय सरकार को स्कीम में ऐसे परिवर्तन की सिफारिश करना जैसा कि बोर्ड समय-समय पर आवश्यक समझें ;

(त) सूचीबद्ध डाक कर्मोपरिया एवं फार्वर्डिंग श्रमिकों की श्रेणियों से संबंधित कार्य के वास्तविक परिमाण के संबंध में विभिन्न चरणों में मजदूरी और अन्य भत्ते तथा अन्य सेवा शर्तें नियत करना ।

(2) स्कीम के तहत जिस किसी भी स्रोत से प्राप्त बोर्ड की आय और संपत्ति को स्कीम के उद्देश्यों के लिए लगाया जाएगा जिसमें सूचीबद्ध डाक कर्मोपरिया एवं फार्वर्डिंग श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, प्रशिक्षण और कल्याण उपाय शामिल हैं (जिसमें बोर्ड के गोदी श्रमिकों और कर्मचारियों के लाभ के लिए बनाई गई सहकारी समितियों का ऋण या अनुदान के रूप में सहायता देना भी शामिल है) और लाभांश बोनस, या अन्य मार्गों द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उसका किसी भी अंश का बोर्ड के सदस्यों को भुगतान नहीं किया जाएगा ।

परन्तु शर्त यह होगी कि यहां दिया गया कोई भी प्रावधान बोर्ड के किसी अधिकारी या बोर्ड के किसी सदस्य को बोर्ड को दी गई वास्तविक सेवा के बदले उचित पारितोषिक और खर्च का भुगतान करने से नहीं रोकेगा न तो किसी सदस्य द्वारा बोर्ड को पट्टे या किराए पर दिए गए अहाते के लिए उचित किराया या उधार दी गई राशि पर ब्याज के भुगतान से रोकेगा और न ही बोर्ड के कर्मचारी और प्रशासनिक निकाय के कल्याण उपायों पर खर्च करने से रोकेगा ।

(3) बोर्ड, स्कीम के प्रचालन की लागत और स्कीम के तहत सभी रसीदों और खर्चों का सही लेखा रखने के लिए कहेगा ।

(4) बोर्ड, केन्द्र सरकार को पेश करेगा --

(i) प्रतिवर्ष अप्रैल की पहली तारीख के तुरन्त बाद किन्तु अक्तूबर के इकत्तीसवें दिन तक मार्च के इकत्तीसवें दिन को समाप्त पिछले वर्ष के दौरान लेखा परीक्षित तुलन पत्र सहित स्कीम के कार्यकरण की वार्षिक रिपोर्ट ;

(ii) बोर्ड की बैठकों की कार्यवाही की प्रतियां ।

7. बैठक में बोर्ड के दायित्व और कार्य :--बैठक में बोर्ड स्कीम संबंधी सभी विषयों के लिए जिम्मेदार होगा, खासकर –

(क) केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन की शर्त पर—

(i) प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत अपेक्षित संख्या नियत करने के बाद विभिन्न श्रेणियों के तहत सूचीबद्ध किए जाने वाले श्रमिकों की संख्या सूचीबद्ध करने से पहले नियत करना ;

(ii) समय-समय पर सूची पर किसी श्रेणी में श्रमिकों की संख्या बढ़ाना या घटाना जैसा भी सूचियों की आवधिक समीक्षा और, प्रत्याशित आवश्यकता के बाद जरूरी हो ;

(iii) किसी श्रेणी में निर्दिष्ट अवधि के लिए निर्दिष्ट संख्या में श्रमिकों की अस्थायी सूची बनाने की मंजूरी देना ;

(ख) अध्यक्ष की सिफारिश पर नए नियोक्ताओं के रजिस्ट्रेशन पर विचार करना ;

(ग) स्कीम के तहत अपेक्षित निर्दिष्ट फार्म, रिकार्ड, रजिस्टर, विवरण आदि ;

(घ) डाक कर्मोपरिया और फार्वर्डिंग श्रमिकों के वेतन, भत्ता, अवकाश नियम और अन्य सेवा शर्तें तय करना और वार्षिक समीक्षा के बाद एक माह में गारंटीशुदा न्यूनतम वेतन दिन में निर्धारित करना ;

(ङ) अनुच्छेद 31 के उप अनुच्छेद (1) के तहत लेवी की दर नियत करना ;

(च) अनुच्छेद 31 के तहत निकाय नियुक्त करना, रद्द करना और पुनर्गठित करना ;

(छ) वार्षिक बजट की मंजूरी ;

(ज) कार्मिक अधिकारी की नियुक्ति ;

(झ) अनुच्छेद 5 के उपबंधों की शर्तों पर पदों के सृजन की मंजूरी और ऐसे पदों पर नियुक्ति करना जिनका भत्तों को छोड़कर अधिकतम वेतन प्रतिमाह दो हजार रुपए तक है ;

(ञ) केन्द्रीय सरकार को स्कीम में किसी संशोधन के बारे में सिफारिश करना ;

(ट) उन विवादों का निपटान का प्रयास करना जिनके बारे में संबंधित पार्टियों द्वारा केन्द्रीय सरकार का मध्यस्थता करने का अनुरोध किया गया है और ऐसे प्रयासों के परिणामों के बारे में सरकार को रिपोर्ट देना ;

(ठ) श्रमिकों के कार्य तथा उद्योगों के उत्पादन की सांख्यिकी पर चर्चा करना और अपने निष्कर्षों और निर्देशों का रिकार्ड करना ; तथा

(ड) इसमें निर्देशानुसार ऐसे राष्ट्रीयकृत बैंकों, भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहायक बैंकों में खाता खोलने की मंजूरी देना और समय-समय पर बोर्ड के निर्देशानुसार ऐसे खातों का प्रचालन ।

8. वार्षिक प्राक्कलन :-- (1) अध्यक्ष, प्रतिवर्ष फरवरी के अंत में पहले होने वाली विशेष बैठक में इस स्कीम के अनुच्छेद 11 के मद (ज) के तहत प्रशासनिक निकाय से यथा प्राप्त बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट ऐसे ब्यौरे और रूप में अप्रैल के पहले दिन से आरम्भ से संबंधित स्कीम का वार्षिक बजट बोर्ड के समक्ष रखेंगे ।

(2) बोर्ड अपने समक्ष रखे गए प्राक्कलन पर विचार करेगा और इसके पेश करने के चार सप्ताह के भीतर अपरिवर्तित या यथा उचित परिवर्तनों के साथ उसकी मंजूरी देगा ।

9. अध्यक्ष के दायित्व और कर्तव्य– (1) अध्यक्ष को स्कीम के दैनिक प्रशासन से संबंधित सभी विषयों के संबंध में पूर्ण प्रशासनिक और कार्यपालक अधिकार होगा, और खासकर –

(क) यह सुनिश्चित करना कि श्रमिक रजिस्टरों के अनुरक्षण के बारे में बोर्ड के निर्णय का जल्द ही पालन किया जाता है ;

(ख) यह सुनिश्चित करना कि श्रमिकों के अस्थायी सूचीकरण के लिए अविलम्ब मंजूरी दी जाती है ;

(ग) (i) प्रशासनिक निकाय के कार्य का पर्यवेक्षण और नियंत्रण ;

(ii) यदि उनके द्वारा किन्हीं अनियमितताओं का पता चलता है या उनके ध्यान में लाई जाती है, तो उपयुक्त कदम उठाना ;

(घ) यह सुनिश्चित करना कि सूचीबद्ध नियोक्ताओं द्वारा उनके कार्य पर लगे श्रमिकों के कार्य पर उचित और पारिश्रमिक

(ङ) यह सुनिश्चित करना कि श्रमिकों के स्थानान्तरण और पदोन्नति के बारे में स्कीम के प्रावधानों का पालन होता है ;

(च) जहां अपेक्षित चिकित्सा बोर्ड का गठन ;

(छ) यह सुनिश्चित करना कि उनके द्वारा स्कीम में नियोक्ताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए निर्दिष्ट शर्तों का पालन होता है ;

(ज) यह सुनिश्चित करना कि स्कीम के तहत निर्दिष्ट सभी फार्म, रजिस्टर, रिटर्न और कागजात उचित रीति से रखे जाते हैं ;

(झ) यह सुनिश्चित करना कि श्रमिकों के कार्य तथा कार्य के टर्न राउण्ड के बारे में उपयुक्त सांख्यिकी का संकलन होता है और उसे उचित टिप्पणी तथा स्पष्टीकरण के साथ हर तिमाही में बोर्ड के समक्ष रखा जाता है ;

(ञ) उन पदों के सृजन को अनुच्छेद 7 के उप अनुच्छेद (झ) के तहत बोर्ड की शक्तियों को प्रभावित किए बिना मंजूरी देना जिनके वेतन का भत्तों को छोड़कर अधिकतम सीमा प्रतिमाह 1930 रु० है तथा ऐसे पदों पर नियुक्तियां करना ;

(ट) स्कीम के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों और नियोक्ताओं के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करना ;

(ठ) अनुच्छेद 26 के उप अनुच्छेद (2) के मद (ग) के तहत प्रति श्रमिक प्रति सप्ताह या प्रतिमाह अधिकतम शिफ्टों की संख्या में ढील देना और बोर्ड को ऐसे मामलों की रिपोर्ट देना ;

(ड) यह घोषित करना कि "धीरे काम करो" या और स्कीम के तहत यथा प्राधिकृत कार्रवाई करना;

(ढ) "आपातकाल" घोषित करना और स्कीम के तहत यथा प्राधिकृत कार्रवाई करना ;

(ण) गोदी श्रमिक (रोजगार का विनियमन) नियम, 1962 के नियम 5 के तहत जब आवश्यक हो, केन्द्रीय सरकार को एक रिपोर्ट देना;

(त) अनुच्छेद 45 और 46 के तहत अपीलों को देखना;

(थ) स्कीम के तहत अध्यक्ष में निहित अन्य सभी कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वाह करना ।

(2) अध्यक्ष उपरोक्त उप अनुच्छेद (1) के तहत ऊपर मदों (ट), (ड) (ण), (त), (थ) और (द) में उल्लिखित कार्यों को छोड़कर लिखित रूप में कोई भी कार्य और कर्तव्य उपाध्यक्ष को प्रदत्त कर सकता है। तथापि, इस प्रकार अधिकार प्रदत्त करने से अध्यक्ष अधिकार से वंचित नहीं होगा।

10. उपाध्यक्ष के दायित्व और कार्य : उपाध्यक्ष, बोर्ड का पूर्णकालीन अधिकारी होगा और अध्यक्ष को अपने कार्यनिर्वहन में सहायता करेगा और खासकर--

(क) अनुच्छेद 42 के तहत अनुज्ञेय सीमा तक सूचीबद्ध नियोक्ताओं और क्लीयरिंग तथा फार्वर्डिंग श्रमिकों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित कार्य निर्वहन करना;

(ख) बोर्ड की समितियों के अध्यक्ष के रूप में कार्य करना जिनमें वह एक सदस्य के रूप में नामित हो;

(ग) अध्यक्ष की अनुपस्थिति में बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करना ;

(घ) उसे अनुच्छेद 11 के अधीन प्रशासनिक निकाय का कार्य करने के लिए अनुच्छेद 4 के तहत नियुक्त किया गया है या अनुच्छेद 4 के तहत कोई भी प्रशासनिक निकाय नियुक्त नहीं है;

(ङ) अध्यक्ष द्वारा लिखित रूप में प्रदत्त ऐसे अन्य कार्यों का प्रयोग;

(च) अनुच्छेद 7 के अधीन बोर्ड की और अनुच्छेद 9 के अधीन अध्यक्ष की शक्तियों को प्रभावित किए बिना उन पदों पर नियुक्तियां करना जिनकी भत्तों को छोड़कर अधिकतम वेतन सीमा प्रतिमाह 1630 रुपए से अधिक नहीं है।

11. प्रशासनिक निकाय के कार्य :—बोर्ड की शक्ति और कार्यों पर प्रतिकूल असर डाले बिना अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, प्रशासनिक निकाय स्कीम के प्रशासन के लिए जिम्मेदार होंगे और खासकर इन बातों के लिए---

(क) नियोक्ता रजिस्टर रखना, उसमें समायोजन करना और उसका रख-रखाव, उसमें किसी नियोक्ता का नाम दर्ज करना या फिर से दर्ज करना और जहां ऐसी परिस्थिति हो, उनके अनुरोध पर या स्कीम के प्रावधानों के अनुसार सूचीबद्ध श्रमिकों के नाम रजिस्टर से हटाना ;

(ख) सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एण्ड फार्वर्डिंग श्रमिकों के ऐसे रजिस्टर या रिकार्ड रखना उसमें समायोजन करना और उसका रख-रखाव करना, जिसमें डाक क्लीयरिंग एण्ड फार्वर्डिंग श्रमिकों का कोई रजिस्टर या रिकार्ड शामिल है, जो अस्थायी रूप से कार्य के लिए उपलब्ध नहीं है और जिनकी अनुपस्थिति का अनुमोदन प्रशासनिक निकाय ने किया है और जहां ऐसी परिस्थिति की ऐसी अपेक्षा है, वहां किसी सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एण्ड फार्वर्डिंग श्रमिक के नाम उनके अपने अनुरोध पर या स्कीम के प्रावधानों के अनुसार, उसका नाम किसी रजिस्टर या रिकार्ड से हटाना ;

(ग) कार्य के लिए उपलब्ध सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एण्ड फार्वर्डिंग श्रमिकों का रोजगार और नियंत्रण जब वे स्कीम के अनुसार अन्यथा नियुक्त नहीं है ;

(घ) पूल में सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एण्ड फार्वर्डिंग श्रमिकों का आवंटन जो कार्य के लिए सूचीबद्ध नियोक्ताओं को उपलब्ध है और इस प्रयोजन के लिए प्रशासनिक निकाय--

(i) नियोक्ता के लिए एजेन्ट के रूप में कार्य करता समझा जाएगा;

(ii) पूल में सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एण्ड फार्वर्डिंग श्रमिकों का अधिक से अधिक उपयोग करना ;

(iii) सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एण्ड फार्वर्डिंग श्रमिकों के काल प्वाइंटों पर उपस्थिति का रिकार्ड रखना ;

(iv) सूचीबद्ध डाक क्लियरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों के रोजगार और आय के रिकार्ड का अनुरक्षण करने का प्रावधान ;

(v) अनुच्छेद 26 के उप अनुच्छेद (3) के अधीन रोटेशन द्वारा कार्य के आवंटन की शर्त पर अनुच्छेद 27 के अनुसार श्रमिकों का आवंटन ;

(vi) अनुच्छेद 25 में यथा निर्दिष्ट पूल में श्रमिकों की उपस्थिति और मजदूरी कार्डों पर आवश्यक प्रविष्टी करना ।

(ङ)(1) सूचीबद्ध नियोक्ताओं से स्कीम के तहत यथा निर्दिष्ट लेवी या कोई अन्य अंशदान का संग्रह ;

(2) भविष्य निधि, बीमा कोष या स्कीम के तहत गठित किसी अन्य कोष में श्रमिकों के अंशदान का संग्रह;

(3) श्रमिकों को नियोक्ता से देय सभी उचित श्रम को सूचीबद्ध नियोक्ता के एजेंट के रूप में प्रत्येक दैनिक श्रमिक को भुगतान और स्कीम के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा उन श्रमिकों को देय सभी धनराशियों का भुगतान ;

(च) बजट प्रावधान की शर्त पर आवश्यकतानुसार समय-समय पर अधिकारियों और सेवकों की नियुक्ति ;

बशर्ते कि उन पदों का सृजन करने को छोड़कर जिन वेतन की अधिकतम सीमा 1200 रुपए से अधिक है और अनुच्छेद 7 के उप अनुच्छेद (ख) और अनुच्छेद 9 के उप अनुच्छेद (1) के खंड (ङ) की शर्त पर ऐसे पदों पर व्यक्तियों की नियुक्ति;

(छ) स्कीम के प्रचालन की लागत और इसके तहत सभी रसीदों और खर्चों का उचित लेखा रखना और वार्षिक रिपोर्ट और परीक्षित तुलन पत्र तैयार करना और बोर्ड के समक्ष रखना;

(ज) वार्षिक बजट तैयार करना, उसे प्रतिवर्ष फरवरी के पन्द्रहवें दिन तक या उससे पहले बोर्ड के समक्ष रखना और उसे बोर्ड द्वारा अनुमोदित करवाना ;

(झ) सभी सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एवं फार्वर्डिंग श्रमिकों के पूर्ण सेवा रिकार्डों का अनुरक्षण; और

(ट) स्कीम के प्रावधानों की शर्तों पर इसे समय-समय पर बोर्ड या अध्यक्ष या उपाध्यक्ष द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य।

12. श्रम अधिकारी--बोर्ड, श्रम अधिकारी या श्रम अधिकारियों की नियुक्ति करेगा जो ऐसे कार्य करेंगे जैसा कि स्कीम के प्रावधानों के अनुरूप उन्हें बोर्ड अथवा जैसा भी मामला हो प्रशासनिक निकाय द्वारा सौंपे जायेंगे ।

13. कार्मिक अधिकारी के कार्य :--कार्मिक अधिकारी आमतौर पर उपाध्यक्ष को उनके कार्य में सहायता देंगे और खासतौर से वे कार्य करेंगे जो अनुच्छेद 42 के तहत उन्हें प्रदान है।

14. स्कीम के उचित कार्य के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी--

(1) केन्द्रीय सरकार अपने विवेकाधिकार से समय-समय पर बोर्ड के अध्यक्ष के परामर्श से एक या उससे अधिक अधिकारियों को नियुक्त कर सकती है और ऐसे अधिकारी या अधिकारियों को स्कीम के उचित कार्यकरण के लिए ऐसे कार्य सौंप सकती है।

(2) ऐसे अधिकारी या अधिकारीगण अध्यक्ष के आम पर्यवेक्षण और नियंत्रण में होंगे और उन्हें बोर्ड के कोष से भुगतान किया जाएगा। वह अथवा वह ऐसी अवधि और ऐसी शर्तों पर कार्यरत रहेंगे, जैसा कि केन्द्रीय सरकार तय करेगी।

15. रजिस्टर आदि का अनुरक्षण (1) नियोक्ता रजिस्टर

(क) नियोक्ताओं का एक रजिस्टर होगा।

(ख) जहां तक सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एवं फार्वर्डिंग श्रमिकों पर स्कीम लागू होने का संबंध है, प्रत्येक नियोक्ता जो स्कीम लागू होने की तारीख को मद्रास पोर्ट क्लीयरिंग एण्ड फार्वर्डिंग (रोजगार का विनियमन) स्कीम के तहत पहले से रजिस्टर्ड है, उसे स्कीम के तहत सूचीबद्ध समझा जाएगा।

(ग) जिन्हें मद (ख) के तहत सूचीबद्ध समझा गया है, उनको छोड़कर अन्य व्यक्तियों को तब तक नियोक्ता के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा, जब तक बोर्ड ऐसा करना अपरिहार्य और आवश्यक नहीं समझता और किसी भी मामले में किसी भी व्यक्ति को तब तक सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा जब तक वह क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग व्यापार में लगा एक लाइसेंसशुदा एजेंट, आयातक या निर्यातक या ठेकेदार नहीं है।

(2) श्रमिक रजिस्टर (क) बोर्ड द्वारा इस प्रयोजन के लिए निर्धारित फार्म में श्रमिक रजिस्टर रखेगा ।

(ख) श्रमिकों के रजिस्टर में बोर्ड द्वारा समय-समय पर लगाए गए डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों के नाम दर्शाए जायेंगे।

16. रजिस्टरों में श्रमिकों का वर्गीकरण (1) बोर्ड रजिस्टर में श्रमिकों को श्रेणीवार वर्गीकरण के लिए रखेगा ।

(2) स्कीम के तहत सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों का वर्गीकरण निम्नलिखित होगा :

1. मिस्त्री
2. मजदूर

17. रजिस्टर में श्रमिकों की संख्या तय करना :

बोर्ड, प्रशासनिक निकाय के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से यथोचित जांच के बाद किसी श्रेणी में सूची बनाने से पहले उसकी श्रेणी में श्रमिकों की आवश्यकता की संख्या नियत करेगा ।

18 मौजूदा और नए श्रमिकों को सूचीबद्ध करना: (1)(क) कोई श्रमिक जो 11-4-34 की स्थिति के अनुसार मद्रास पोर्ट क्लीयरिंग एण्ड फार्वर्डिंग एजेंटों द्वारा चलाए जा रहे पूल के अधीन पहले से रजिस्टर्ड है, उसे आयु, मेडिकल फिटनेस और चरित्र तथा पूर्व वृत्त की जांच के बाद सूचीबद्ध किए जाने के लिए उपयुक्त पाये जाने की शर्त पर इस स्कीम के तहत सूचीबद्ध समझा जाएगा । जो उपरोक्त शर्तों के तहत सूचीबद्ध करने के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाते हैं, उन्हें स्कीम के दायरे से बाहर रखा जाएगा ।

(ख) सेवा निवृत्ति की आयु:- स्कीम के तहत किसी श्रमिक की सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष होगी ।

(ग) नए सूचीकरण के लिए अर्हता ऐसी आयु होगी, जैसा कि बोर्ड द्वारा स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्दिष्ट किया जाएगा, किन्तु यह 40 वर्ष से अधिक नहीं होगा, शारीरिक रूप से फिट है, क्षमता और अनुभव रखता है। सिर्फ भारतीय नागरिक ही सूचीबद्ध होने के पात्र होंगे :

बशर्ते कि भूतपूर्व सैनिकों और अनु. जातियों/जनजातियों के मामलों में डाक लेबर बोर्ड द्वारा आयु सीमा में 45 वर्ष तक छूट दी जाएगी।

(घ) किसी नई श्रेणी के श्रमिकों को सूची में शामिल करने का काम उन श्रमिकों में से किया जाएगा जो पोर्ट में बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट किसी तारीख को कार्यरत है या थे और उस श्रेणी में किसी श्रमिक द्वारा सेवा अवधि द्वारा नियत वरीयता तथा बोर्ड द्वारा अधिसूचना के आधार पर सूची में शामिल करने के लिए चयन किया जाएगा उस मामले में जहां उक्त वरीयता सूची उपलब्ध नहीं है, वहां बोर्ड द्वारा नियत आधार पर चयन किया जाएगा बशर्ते कि श्रमिक मैडिकली फिट है और 53 वर्ष से अधिक आयु का नहीं है।

(2) श्रेणियों को सूची में शामिल करने के सम्बन्ध में निम्नलिखित सिद्धांत लागू होंगे जो स्कीम के लागू होने की तारीख के बाद अनुसूची 1 में समाहित होंगे :

(क) किसी श्रमिक के किसी एक श्रेणी में सूचीबद्ध होने से पहले बोर्ड उस श्रेणी में पत्तन में उस समय कार्यरत सभी वैध श्रमिकों में से अनुच्छेद 17 के तहत उस श्रेणी में श्रमिकों की अपेक्षित संख्या का अनुमान लगाने की दृष्टि से पर्याप्त जांच करेगा।

(ख) प्रत्याशित आवश्यकता के आधार पर एक अनन्तिम सूची बनाई जाएगी और सिर्फ इस कारण से कि कोई श्रमिक पतन से पहले कार्यरत था, उसे सूची में स्वत: शामिल किए जाने का पात्र नहीं बनता ।

(ग) अनंतिम सूची बनाने का काम पूरा होने के बाद उस समय उसके मजदूरी जो स्कीम के तहत सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग एवं फार्वर्डिंग श्रमिकों को देय होगी, उसके अलावा कोई अन्य लाभ दिए बगैर रोटेशन में बुकिंग शुरू की जाएगी ।

(घ) अनंतिम रूप से सूचीबद्ध श्रमिकों द्वारा प्राप्त वास्तविक रोजगार के आलोक में 6 महीने के बाद आवश्यकता का फिर से मूल्यांकन किया जाएगा और तब तदनुसार ही अनंतिम सूची को समायोजित किया जाएगा । अनुच्छेद 29 के तहत उस समय से सिर्फ उपस्थित भत्ता ही दिया जाना शुरू होगा ।

(ङ) रोटेशन बुकिंग शुरू होने के एक वर्ष बाद इन शर्तों के तहत कार्य भी इस दृष्टि से जांच की जाएगी कि दिनों की संख्या नियत की जाए जिसके लिए अनुच्छेद 28 के तहत गारंटीशुदा न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाना चाहिए । उसके बाद से श्रमिक, स्कीम के तहत सभी लाभों के हकदार होंगे ।

(च) पहले रजिस्टर्ड श्रमिकों की श्रेणियों के लिए अनुच्छेद 28 के तहत एक माह जिसके लिए मजदूरी की गारंटी है, उसके लिए स्कीम के लागू होने की तारीख के बाद सूची में शामिल किए जाने वाली श्रेणियों के श्रमिकों द्वारा न्यूनतम दिनों की मजदूरी का स्वत: दावा नहीं किया जाएगा । ऐसे न्यूनतम दिनों की संख्या भिन्न-भिन्न होगी जैसा कि उपरोक्त मद (ङ) में नियत किया जाएगा ।

(छ) स्कीम के लागू होने की तारीख के बाद सूची में शामिल की गई श्रेणियों के श्रमिकों की मजदूरी वह होगी, जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर नियत की जाएगी ।

(3) समय-समय पर बोर्ड ऐसी अवधियों और ऐसी सेवा शर्तों पर श्रमिकों को अस्थायी रूप से सूची में शामिल करने की अनुमति देगा, जैसा कि बोर्ड निर्दिष्ट करे :

बशर्ते कि अस्थायी रूप से सूची में शामिल किए गए श्रमिक अनुच्छेद 29 के तहत उपस्थिति भत्ते के हकदार होंगे और उनका वही दायित्व होगा जो पूल में क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों का होगा ।

(4) उन श्रेणियों में जिनमें स्कीम के तहत डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक सूचीबद्ध हैं, उनमें अस्थायी या स्थाई आधार पर किसी प्रकार की नई नियुक्ति स्थानीय रोजगार कार्यालय में सूचीबद्ध श्रमिकों में से की जाएगी । तथापि, यदि मांगपत्र देने की तारीख को रोजगार कार्यालय के रजिस्टर पर उपलब्ध उपयुक्त संख्या में श्रमिकों की अपेक्षा आवश्यकता अधिक है, तो रोजगार कार्यालय के रजिस्टर वाले व्यक्तियों को लेने के बाद सीधी भर्ती की जा सकती है ।

(5) उप अनुच्छेद (1) की मद (ग) के तहत सूचीबद्ध नए श्रमिकों को सूची में स्थायी आधार पर लेने से पहले 6 महीने की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रखा जायेगा ।

(6) स्कीम के किन्हीं अन्य प्रावधानों के होते हुए भी जहां बोर्ड की यह राय है कि किसी क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक ने अपने आवेदन में गलत सूचना देकर अपना नाम सूचीबद्ध करा लिया है या उसमें अपेक्षित सूचना छिपा ली है, या जहां यह पता चलता है कि श्रमिक को अनुचित या गलत तरीके से सूचीबद्ध कर लिया गया है तो बोर्ड अपनी बैठक में उसका नाम रजिस्टरों से हटाने का निर्देश दे सकता है :

बशर्ते कि इस प्रकार का कोई निर्देश देने से पहले बोर्ड उसे यह कारण बताने का एक अवसर देगा कि क्यों न प्रस्तावित निर्देश जारी किया जाए ।

19. डाक्टरी जांच :— (1) नए श्रमिक सूचीबद्ध होने से पहले इस प्रयोजन के लिए अध्यक्ष द्वारा नामित मेडिकल आफिसर द्वारा निःशुल्क शारीरिक मानक की डाक्टरी जांच कराएगा । श्रमिक जिसे मेडिकल आफिसर द्वारा उपयुक्त नहीं पाया गया, वह अध्यक्ष को लिखित रूप में मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच करने के लिए आवेदन कर सकता है । ऐसा अनुरोध प्राप्त होने पर अध्यक्ष एक मेडिकल बोर्ड गठित करेगा । मेडिकल बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा और जो श्रमिक मेडिकल फिट नहीं है वह सूचीबद्ध होने का हकदार नहीं होगा ।

(2) यदि प्रशासनिक निकाय यह आवश्यक समझता है कि वह अध्यक्ष द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा निःशुल्क डाक्टरी जांच करा सकता है । मेडिकल बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा । यदि श्रमिक को मेडिकल बोर्ड स्थाई रूप से अयोग्य समझता है, तो अध्यक्ष तत्काल उसकी सेवाएं समाप्त कर देगा ।

20. सूचीकरण शुल्क :—स्कीम के तहत सूचीबद्ध होने के समय प्रत्येक श्रमिक, बोर्ड को सूचीकरण शुल्क के रुपये में दस रुपये का भुगतान करेगा । प्रत्येक नियोक्ता स्कीम के तहत सूचीबद्ध होने के समय सूचीकरण शुल्क के रूप में पांच सौ रुपये का भुगतान करेगा ।

21. कार्डों की सप्लाई :—(1) प्रत्येक सूचीबद्ध क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक को बोर्ड द्वारा निर्धारित निम्नलिखित फार्म निःशुल्क सप्लाई किए जाएंगे अर्थात् (i) पहचान पत्र/फोटो पास (ii) मजदूरी कार्ड ।

(2) यदि कार्ड गुम हो जाता है तो नया कार्ड जारी किया जाएगा और उसकी बोर्ड द्वारा तय लागत संबंधित श्रमिक द्वारा अदा करनी होगी । कार्ड खोने के ऐसे सभी क्षति के मामलों में श्रमिक को कार्ड खोने की सूचना पुलिस तथा प्रशासनिक निकाय को तत्काल अनिवार्य रूप से देनी होगी ।

22. सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों के लिए सेवा रिकार्ड —

प्रशासनिक निकाय द्वारा प्रत्येक दैनिक श्रमिक का सेवा रिकार्ड बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट फार्म में रखा जाएगा जिसमें अन्य बातों के साथ साथ श्रमिक के विरुद्ध की गई अनुशासनिक कार्रवाई, पदोन्नति, अच्छे कार्य के लिए सराहना आदि का पूरा रिकार्ड होगा ।

23. सूचीबद्ध नियोक्ताओं के लिए रिकार्ड शीट :—कार्मिक अधिकारी, प्रत्येक नियोक्ता का बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट फार्म में एक "रेकार्ड शीट" रखेगा जिसमें अन्य बातों के साथ साथ सूचीबद्ध नियोक्ता के विरुद्ध की गई अनुशासनिक कार्रवाइयों का पूरा रेकार्ड होगा ।

24. कार्डों का समर्पण :—निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रशासनिक निकाय को श्रमिक कार्ड समर्पित करना होगा अर्थात् :—

(क) जब वे बाहर जा रहे हैं या प्रशिक्षण के लिए अवकाश पर जा रहे हैं;

(ख) जब सेवा निवृत्त हो रहे हैं;

(ग) जब सेवा से बर्खास्त या मुक्त किए गए हैं;

(घ) जब अस्थाई रूप से निलंबित हैं या,

(ङ) मृत्यु होने पर ।

25. मजदूरी कार्ड में इंद्राज :—(1) पूल का कार्ड क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक किसी सूचीबद्ध नियोक्ता को कार्य के लिए आवंटित किए जाने के समय प्रशासनिक निकाय को अपना मजदूरी कार्ड सुपुर्द करेगा जब तक कि कोई भी कार्ड पहले उक्त निकाय को जमा नहीं किया गया है और श्रमिक को वापस नहीं किया गया है । प्रशासनिक निकाय, श्रमिक द्वारा किए गए कार्य की अवधि के सम्बन्ध में आवश्यक इंद्राज करने की व्यवस्था करेगा और इंद्राज के बाद इसे वापस कर देगा ।

(2) एक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक जो मासिक श्रमिक के रूप में कार्यरत हो अपना वेतन कार्ड अपने नियोक्ता को काम का आवंटन किए जाते समय सौंप देगा, जब तक कि कोई भी कार्ड नियोक्ता के पास पहले से जमा न कराया गया हो और श्रमिक को न लौटाया गया हो । उक्त नियोक्ता कार्ड में श्रमिक द्वारा किए गए कार्य की अवधि के बारे में प्रविष्ट करेगा और उसके तुरन्त बाद उसे लौटा देगा ।

26. शिफ्टों में रोजगार :—(1) श्रमिक को शिफ्टों में रोजगार दिया जाएगा ।

(2) (क) कोई भी श्रमिक साधारणतया न तो दो लगातार शिफ्टों में लगाया जाएगा और न ही किसी श्रमिक को बाद वाले दिनों में दो लगातार शिफ्टों में ही लगाया जाएगा। किसी भी मामले में किसी श्रमिक को तीन लगातार शिफ्टों में नहीं लगाया जाएगा।

(ख) पूल में किसी श्रमिक को एक सप्ताह में 9 शिफ्टों से अधिक या एक महीने 3 से अधिक शिफ्टों में नहीं लगाया जाएगा।

(ग) विशेष परिस्थितियों में अध्यक्ष आवश्यकतानुसार मद (ख) के तहत प्रतिबन्ध को अस्थाई तौर पर हटा सकता है।

(घ) एक दिन में एक से अधिक शिफ्ट में काम करने वाला श्रमिक प्रत्येक शिफ्ट में सामान्य दर पर मजदूरी पाने का हकदार होगा।

(3) सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक रजिस्टर पर प्रत्येक श्रेणी के श्रमिकों को रोटेशन द्वारा काम आवंटित किया जाएगा।

27 आकस्मिक रिक्तियों को भरना

मजदूर श्रेणियों में पंजीकृत सूचीबद्ध डाक क्लियरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों की आकस्मिक नियुक्तियां निम्नलिखित रूप में की जाएंगी :—

जब तक मिस्त्री अनुपस्थित है तो शिफ्ट में वरिष्ठतम मिस्त्री के रूप में कार्य करेगा। रिजल्टेंट वेकेन्सी रोटेशनल बुकिंग द्वारा सीध रिजर्व श्रमिकों द्वारा भरी जायेगी।

28. एक माह में गारंटीशुदा न्यूनतम वेतन :—(1) पूल में किसी श्रमिक को एक माह में वेतन दर पर कम से कम 12 दिन का वेतन दिया जायेगा, जिसमें महंगाई भत्ता भी शामिल है जो उसे श्रेणी के उपयुक्त बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट किया जायेगा जिस श्रेणी में वह स्थायी है, यद्यपि एक महीने में न्यूनतम 12 दिन भी उसके लिये कार्य नहीं मिला। वे दिन जब श्रमिकों को कार्य आवंटित किया जाता है, उनकी गणना उपरोक्त वर्णित 12 दिनों में की जायेगी। एक महीने में गारंटीशुदा न्यूनतम वेतन होगा :

(क) जितने दिनों के लिये एक महीने में वेतन की इस शर्त पर गारंटी दी जाती है कि श्रमिक प्रशासनिक निकाय द्वारा यथा निर्देशित माह के सभी दिन कार्य के लिये उपस्थित हुआ,

(ख) उतने दिनों जितने दिनों के लिये कार्य पर उपस्थित हुआ, उसके समानुपातिक रूप से भुगतान किया जायेगा बशर्ते कि उसे महीने के शेष सभी दिनों की हाजिरी से छूट दी गई थी।

(2) उप अनुच्छेद (1) के प्रावधानों की शर्तों पर एक माह में न्यूनतम दिन जिसके लिए मजदूरी की गारंटी होती है, वह बोर्ड द्वारा प्रति वर्ष के लिए श्रमिकों द्वारा डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिकों की सबसे निचली श्रेणी के पूल में श्रमिकों द्वारा पिछले वर्षों में प्राप्त मासिक औसत रोजगार के आधार पर तय की जाएगी, जब तक न्यूनतम दिनों की संख्या 21 दिन हो जाती है।

बशर्ते कि इस प्रकार नियत की गई संख्या किसी भी तरह पिछले वर्ष की संख्या से कम नहीं होगी।

टिप्पणी :—औसत रोजगार का आकलन करने की प्रक्रिया का ब्यौरा अनुसूची 11 में दिया गया है।

(3) उपरोक्त उप-अनुच्छेद (1) और (2) के तहत गारंटीशुदा न्यूनतम दिनों की मजदूरी नई श्रेणियों के उन श्रमिकों पर स्वतः लागू नहीं होगी जो स्कीम के लागू होने की तारीख के बाद सूचीबद्ध होंगे। इन श्रेणियों की न्यूनतम जितने दिनों की मजदूरी की गारंटी होगी, वह अनुच्छेद 18 के उप अनुच्छेद (2) के मद (ख) के तहत तय होगी। उप-अनुच्छेद (2) के तहत न्यूनतम दिनों की संख्या का वार्षिक पुर्ननियतन उनके मामले में भी स्वतन्त्र रूप से किया जाएगा।

स्पष्टीकरण :— I. इस अनुच्छेद के उप-अनुच्छेद (1) (2) और (3) में "एक दिन" का अर्थ है — एक "शिफ्ट" :

स्पष्टीकरण- - II : इस अनुच्छेद के प्रयोजन के लिए "माह" शब्द में साप्ताहिक अवकाश के दिन शामिल नहीं होंगे बशर्ते कि साप्ताहिक अवकाश के दिन का भुगतान नहीं किया जाता है।

29. उपस्थिति भत्ता :—स्कीम के अन्य प्रावधानों की अन्य शर्तों पर डाक क्लीयरिंग और फारवर्डिंग श्रमिकों के रजिस्टर का कोई श्रमिक जो कार्य के लिए उपलब्ध है किन्तु जिसके लिए कोई काम नहीं है, उसे कलैंडर माह के दौरान दिवसों के लिए उपस्थिति भत्ता दिया जाएगा। जिसमें वह प्रशासनिक निकाय के निर्देशानुसार कार्य के लिए उपस्थित हुआ है और उसके लिए कोई काम नहीं था।

पुनः बशर्ते कि किसी दिन जिसके लिए महंगाई भत्ता सहित पूरी मजदूरी अनुच्छेद 26 के तहत अदा की गई है, या अनुच्छेद 31 के तहत डिसअप्वाइंटमेंट मनी दी गई है, कोई उपस्थित भत्ता नहीं देय होगा।

30. एक शिफ्ट के लिए रोजगार:—पूल में किसी श्रमिक को एक शिफ्ट से कम अवधि के लिए नहीं लगाया जाएगा और जहां कार्य के लिए किसी श्रमिक को लगाया गया है उसने शिफ्ट की कार्य अवधि को पूरा किया है, वह शेष अवधि के लिए उसी नियोक्ता द्वारा यथा अपेक्षित ऐसे अन्य काम को करेगा।

31. डिसअप्वाईंटमेंट मनी :—जब किसी पूल का कोई श्रमिक कार्य के लिए उपस्थित होता है और किसी कारण वश जिस कार्य के लिए वह उपस्थित हुआ है, वह शुरू नहीं हो सकता या आगे चल सकता और नियोक्ता द्वारा उसके लिए कोई दूसरा वैकल्पिक कार्य नहीं दिया जाता, तो वह उक्त नियोक्ता द्वारा लौटा दिया जाएगा और प्रशासनिक निकाय द्वारा यथा निर्देशित कार्य पर आने के दो घंटे के भीतर पोर्ट में किसी स्थान पर वापस भेज दिया जाएगा। इस प्रकार लौटाया गया श्रमिक पूरी शिफ्ट के दौरान प्रशासनिक निकाय के निर्देशानुसार नियत स्थान पर प्रतीक्षा करेगा और प्रशासनिक निकाय द्वारा उसी शिफ्ट में दिया गया कार्य करेगा। यदि कोई कार्य नहीं दिया जाता है, तो वह महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों सहित एक पूर्णकालिक वेतन के आधार पर डिसएप्वाइंटमेंट मनी का हकदार होगा जहां कार्य दिया जाता है, वहां वह किए गए कार्य के लिए पीस रेट का हकदार होगा और शिफ्ट की शेष अवधि के लिए शिफ्ट के समानुपातिक मूल वेतन और भत्तों का हकदार होगा।

32. अवकाश :—प्रत्येक श्रमिक एक वर्ष में बोर्ड द्वारा अनुच्छेद 39 के तहत निर्दिष्ट ऐसी दर पर वेतन के साथ 8 अवकाश का हकदार होगा जिसमें ऐसे सभी दिन शामिल हैं जो एक वर्ष में 6 से अधिक नहीं होंगे जैसा कि बोर्ड द्वारा बंद अवकाश घोषित किया जाता है। इस अनुच्छेद के तहत किए गए किसी प्रकार के भुगतान में अनुच्छेद 28 के तहत गणित भुगतान शामिल नहीं होगा।

33. समितियां : (1) बोर्ड एक या उससे अधिक समितियां नियुक्त कर सकती है जिसे वह ऐसे कार्य सौंपेगा जो स्कीम के प्रावधानों के अनुपालन में मदद करने के लिए आवश्यक समझे और यदि आवश्यक समझे तो उसे समाप्त या पुनर्गठित कर सकती है।

(2) वे व्यक्ति जो बोर्ड के सदस्य नहीं है यदि आवश्यक हुआ तो उन्हें समिति के सहयोजित सदस्य के रूप में मनोनीत किया जा सकता है, तथापि, ऐसे सहयोजित सदस्य को मत देने का अधिकार नहीं होगा।

34. सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों का दायित्व :

(1) सभी सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों द्वारा स्कीम के दायित्वों को स्वीकार किया हुआ समझा जाएगा।

(2) कोई सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक जो कार्य के लिए उपलब्ध है, उसे बोर्ड के रोजगार में समझा जाएगा।

(3) कोई भी सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक जो कार्य के लिए उपलब्ध है, वह स्वयं को तब तक किसी सूचीबद्ध नियोक्ता के पास नहीं लगाएगा, जब तक प्रशासनिक निकाय ने उस नियोक्ता को आवंटित नहीं किया हो।

(4) कोई भी डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक जो कार्य के लिए उपलब्ध है, वह प्रशासनिक निकाय के निर्देशों का पालन करेगा, और--

(क) ऐसे काल प्वाइंटों और ऐसे समय पर रिपोर्ट करेगा जैसा कि प्रशासनिक निकाय निर्दिष्ट करेगा और ऐसे काल प्वाइंटों पर--

(i) यदि प्रशासनिक निकाय द्वारा ऐसा करने के लिए कहा गया है तो वह बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रतिधारण भत्ते पर पूरी शिफ्ट के दौरान रहेगा; या

(ii) निर्दिष्ट ऐसी अवधि के लिए जो एक घंटा से अधिक न हो, और

(ख) क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग कार्य के संबंध में रोजगार को स्वीकार करेगा चाहे वह जिस श्रेणी में रजिस्टर्ड है या किसी अन्य श्रेणी में जिसके लिए वह प्रशासनिक निकाय द्वारा उपयुक्त समझा जाता है।

(5) सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक जो प्रशासनिक निकाय द्वारा किसी सूचीबद्ध नियोक्ता के अधीन रोजगार पाने के लिए आवंटित किए जाने के लिए उपलब्ध है, ऐसे सूचीबद्ध नियोक्ता या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि या पर्यवेक्षक तथा कार्य करने वाले पत्तन के निर्देशों के अनुसार अपना कार्य करेगा।

(6) सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक स्कीम के चालू होने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए ऐसी कोई मांगें नहीं करेगा जिनमें अतिरिक्त वित्तीय विविक्षाएं निहित हों। वह स्कीम के चालू होने से पहले प्रचलित गैंगिंग स्केल और गैंग डिप्लायमेंट के बारे में सर्वांगीपन की प्रक्रिया को मानेगा।

35. सूचीबद्ध नियोक्ता का दायित्व---(1) प्रत्येक सूचीबद्ध नियोक्ता स्कीम के दायित्वों को स्वीकार करेगा।

(2) सूचीबद्ध नियोक्ता डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक जो अनुच्छेद 11 के उप अनुच्छेद (घ) के प्रावधानों के अनुसार प्रशासनिक निकाय द्वारा आवंटित है, के अलावा किसी दूसरे श्रमिक को नहीं लगाएगा।

(3) सूचीबद्ध नियोक्ता, प्रशासनिक निकाय द्वारा की गई व्यवस्था के अनुसार अपने वर्तमान और भविष्य में श्रमिक आवश्यकता के बारे में सूचना पेश करेगा।

(4) सूचीबद्ध नियोक्ता को जब तक अन्यथा निर्देश न हो, तब तक वह प्रशासनिक निकाय के समस्त श्रमिकों द्वारा पीस रेट पर हैंडल किए गए टनेज का ब्यौरा तथा उसके द्वारा लगाए गए सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों के संबंध में अन्य सांख्यिकी आंकड़े पेश करेगा।

(5) (1) सूचीबद्ध नियोक्ता अनुच्छेद 51 के उप अनुच्छेद (1) के तहत प्रशासनिक निकाय को देय लेवी तथा दैनिक श्रमिकों को देय सकल वेतन उस रीति से और ऐसे समय भुगतान करेगा, जैसा बोर्ड निर्देश दे।

(6) सूचीबद्ध नियोक्ता, बोर्ड की अपेक्षानुसार रिकार्ड रखेगा और बोर्ड या बोर्ड द्वारा पदनामित व्यक्तियों के समस्त नोटिस दिए जाने पर ऐसे सभी रिकार्ड और अन्य कोई कागजात जो डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों से संबंधित है, पेश करेगा और उनको जिस काम पर लगाया गया है उससे संबंधित सूचना देगा जैसा कि बोर्ड द्वारा इस बारे में किसी नोटिस या निर्देश में निर्दिष्ट किया गया हो।

(7) सूचीबद्ध नियोक्ता, किसी डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक को देय सामान्य और वास्तविक मजदूरी से अधिक का नकद या अन्यथा भुगतान नहीं करेगा।

36. सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों की सप्लाई बंद करना :

यदि कोई सूचीबद्ध नियोक्ता उनकी ओर अनुच्छेद 51 के उप अनुच्छेद (1) के तहत देय भुगतान नहीं कर पाता है या प्रशासनिक निकाय द्वारा निर्दिष्ट ऐसे समय में बोर्ड को किसी राशि का भुगतान नहीं करता है, तो प्रशासनिक निकाय, नियोक्ता को इस आशय का नोटिस जारी करेगा कि अब तक वह नोटिस प्राप्त होने की तारीख से तीन दिन के अंदर बकाया राशि का भुगतान नहीं करता है तो उन्हें श्रमिकों की सप्लाई बंद कर दी जाएगी। नोटिस की अवधि के समाप्त होने पर प्रशासनिक निकाय, उस दोषी नियोक्ता को सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों की सप्लाई तब तक बंद रखेगा जब तक वह बकाया राशि का भुगतान नहीं कर देता।

37. रोजगार का प्रतिबंध.--(1) किसी सूचीबद्ध नियोक्ता के अलावा कोई दूसरा व्यक्ति किसी भी श्रमिक को काम पर नहीं लगाएगा और न ही कोई सूचीबद्ध नियोक्ता, डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग कार्य पर डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक को नहीं लगाएगा जब तक कि वह श्रमिक डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक न हो।

(2) इस अनुच्छेद के उपरोक्त उपबंधों के होते हुए भी---

(क) जहां प्रशासनिक निकाय इस बात से संतुष्ट है कि--

(i) डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग कार्य तत्काल ही किया जाना है और

(ii) यदि इस कार्य के लिए डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक को प्राप्त करना व्यावहारिक नहीं है, तो प्रशासनिक निकाय बोर्ड द्वारा लगाए गए किसी प्रतिबंध की शर्त पर किसी सूचीबद्ध नियोक्ता को वह व्यक्ति आवंटित करेगा जो सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक नहीं है।

ऐसे श्रमिकों को चुनने में यथा संभव स्थानीय रोजगार संगठन से परामर्श किया जाए :

बशर्ते कि जब कभी असूचीबद्ध श्रमिकों को लगाना पड़े तो प्रशासनिक निकाय, यदि संभव हो तो अध्यक्ष से ऐसे श्रमिकों को लगाने का अनुमोदन प्राप्त करेगा और जहां यह संभव नहीं है, वहां 24 घंटे के भीतर अध्यक्ष को पूरी परिस्थिति की रिपोर्ट देगा जिसके तहत ऐसे श्रमिकों को लगाया गया था और अध्यक्ष ऐसे नियोजन के बारे में बोर्ड की अगली बैठक में विधिवत सूचना देगा।

(ख) मद (क) में उल्लिखित मामले में किसी सूचीबद्ध नियोक्ता द्वारा उपरोक्त रीति से नियोजित व्यक्ति को अनुच्छेद 35 के उप अनुच्छेद (4),(5) और (6) तथा अनुच्छेद 39 के प्रयोजन के लिए उस डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग कार्य के संबंध में दैनिक श्रमिक समझा जाएगा।

(3) कोई सूचीबद्ध क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक यदि वह अनुच्छेद 31 के तहत दायित्वों को पूरा करता है, तो प्रशासनिक निकाय द्वारा जिस दिन उसे कार्य आवंटित नहीं किया जाता है, उस दिन स्कीम में सूचीबद्ध नियोक्ताओं को छोड़कर दूसरे नियोक्ताओं के पास यदाकदा कार्य कर सकता है।

38. जिस परिस्थिति में स्कीम लागू नहीं होगी.--- (1) यह स्कीम किसी सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक पर तब लागू नहीं होगी, जब स्कीम के प्रावधानों के अनुसार उसका नाम रजिस्टर या रिकार्ड से हटा दिया गया है।

(2) यह स्कीम किसी सूचीबद्ध नियोक्ता पर तब लागू नहीं होगी, जब स्कीम के प्रावधानों के अनुसार उसका नाम नियोक्ता रजिस्टर से हटा दिया गया है।

(3) इस अनुच्छेद में ऐसे किसी भी समय में निर्वाह किए गए दायित्व या संचित अधिकार पर असर नहीं पड़ेगा, जब वह व्यक्ति डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक या सूचीबद्ध नियोक्ता के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

39. अनुसूची 1 के तहत श्रेणियों में श्रमिकों की मजदूरी, भत्ते और अन्य सेवा शर्तें :

(1) जब तक स्कीम में विशिष्ट रूप से अन्यथा प्रावधान न हो, सूचीबद्ध नियोक्ताओं और सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिकों के बीच किन्हीं करार के प्रावधानों पर असर डाले बगैर इसे सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक तथा सूचीबद्ध नियोक्ता के बीच करार की लागू शर्त मानी जाएगी कि—

(क) उनके संबंध में मजदूरी, भत्ते और ओवरटाइम कार्य घंटे विश्राम अवधि अवकाश और वेतन की दर तथा सेवा शर्तें बोर्ड द्वारा श्रमिकों की प्रत्येक श्रेणियों के लिए समय-समय पर निर्दिष्ट किए जाने के अनुसार होंगी ;

(ख) मजदूरी अवधि, मजदूरी के भुगतान के लिए समय और मजदूरी से कटौतियों का निर्धारण मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 (1936 का 4) के प्रावधानों के अनुसार होगा।

(2) एक सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक स्कीम शुरू होने की तारीख से 5 वर्षों की अवधि के लिए किसी भी ऐसे लाभ का हकदार नहीं होगा जिसमें अतिरिक्त वित्तीय विवक्षाएं निहित हों।

40. बेरोजगारी और कम रोजगार के संबंध में वेतन :—

(1) इसमें और बाद वाले अनुच्छेद में निर्दिष्ट शर्तों पर जब किसी मजदूरी अवधि में पूल में कोई सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक कार्य के लिए उपलब्ध है किन्तु उसे रोजगार या पूरा रोजगार नहीं दिया जाता है, तो वह बोर्ड से अनुच्छेद 28,29 और 31 के तहत वह अनुमेय राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

(2) जिस शर्त पर कोई सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग श्रमिक बोर्ड से उक्त भुगतान (यदि कोई है) प्राप्त करने का हकदार है,

(क) वह निर्दिष्ट काल प्वाइंट पर उपस्थित हुआ; और

(ख) उसकी उपस्थिति दर्ज की गई।

41. भुगतान की अनर्हता :—(1) सूचीबद्ध डाक क्लीयरिंग और फार्वर्डिंग श्रमिक जो बगैर पर्याप्त कारण के अनुच्छेद 34 के उप अनुच्छेद (4) के मद (क) और (ख) के प्रावधानों का पालन नहीं करता या जो बोर्ड द्वारा दिए गए किसी कानून सम्मत आदेश का पालन नहीं करता, उस पर उप-अनुच्छेद (3) के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

(2) एक सूचीगत डाक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिक जो रोजगार के दौरान जिसमें प्रशासनिक निकाय द्वारा उसे विनियोजित किया गया है बिना किसी पर्याप्त कारण के क्लॉज 34 के सब क्लाज (5) के उपबन्धों का अनुपालन करने में असफल रहता है या उसके नियोक्ता द्वारा उसे दिए गए किसी कानूनी आदेश का अनुपालन करने में असफल रहता है, उसका विनियोजन समाप्त किया जा सकता है और पूल में वापस भेजा जा सकता है और वह इस तरह वापस गया हो अथवा नहीं, श्रम अधिकारी को लिखित रिपोर्ट देगा। जब एक सूचीगत डाक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग मजदूर पूल में इस प्रकार वापस जाता है, प्रशासनिक निकाय तदनुसार उसका उपस्थिति एवं वेतन कार्ड एंडोर्स करेगा।

(3) श्रम अधिकारी सब क्लाज (1) या सब क्लाज (2) के अंतर्गत होने वाले किसी भी मामले पर विचार करेगा और यदि मामले की जांच करने के बाद वह सूचीगत डॉक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिक को अधिसूचित करता है कि वह इस बात से संतुष्ट है कि डाक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिक उक्त विधिसम्मत आदेश का अनुपालन करने में असफल रहा है तो सूचीगत डॉक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिक किसी भुगतान या क्लॉज 40 के अंतर्गत किसी भुगतान के ऐसे भाग का जिसे श्रम अधिकारी, उस वेतन अवधि जिसमें ऐसी असफलता रही है या बनी रही के संबंध में उपयुक्त समझे हकदार नहीं रहेगा।

बशर्ते कि सूचीगत डॉक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिक को, श्रम अधिकारी द्वारा इस सब क्लाज के अंतर्गत कोई निर्णय लिये जाने से पहले कारण बताने का अवसर दिया जाएगा।

42. अनुशासनिक प्रक्रिया :—(1) कार्मिक अधिकारी शिकायत पर या अन्यथा सूचना मिलने पर कि कोई सूचीगत नियोक्ता स्कीम के उपबन्धों को पूरा करने में असफल रहा है, मामले की जांच करने के बाद—

(i) उसे लिखित रूप में चेतावनी देगा या

(ii) यदि उसके विचार में, कोई उच्च दण्ड उपयुक्त है मामले की रिपोर्ट उपाध्यक्ष को देगा।

(2) उपाध्यक्ष तब उचित समझी जाने वाली ऐसी भावी जांच करेगा और उस नियोक्ता के संबंध में निम्नलिखित कोई कदम उठाएगा अर्थात वह—

(क) नियोक्ता की निंदा करेगा और उसकी रिकार्ड सीट में निंदा रिकार्ड करेगा; या

(ख) बोर्ड के अनुमोदन के आधार पर और नियोक्ता को एक महीने की लिखित नोटिस के बाद निदेश दे सकेगा कि नियोक्ता का नाम उस अवधि तक के लिये जो बोर्ड नियत करे या यदि बोर्ड ऐसा समझे तो हमेशा के लिये नियोक्ता सूची से हटा दिया जाएगा।

(3)(i) पूल का कोई सूचीगत डॉक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिक जो स्कीम के उपबंधों को पूरा करने में असफल रहता है, या कोई अनुशासनहीनता का कार्य अथवा कदाचार करता है, उसके विरुद्ध श्रम अधिकारी को लिखित रिपोर्ट देगा।

(ii) श्रम अधिकारी, उस मामले की जांच करने के बाद उस श्रमिक के संबंध में निम्नलिखित कोई कार्रवाई करेगा अर्थात् वह—

(क) नियत करेगा कि ऐसी अवधि जो वह उचित समझे वह मजदूर क्लॉज 40 के अंतर्गत किसी भुगतान या आंशिक भुगतान का हकदार नहीं होगा।

(ख) उसे लिखित चेतावनी देगा, या

(ग) अधिक से अधिक 10 दिन की अवधि के लिए उसे बिना वेतन निलंबित करेगा।

(iii) क्लॉज (i) के अंतर्गत श्रम अधिकारी को रिपोर्ट किए गए मामले में यदि उसका यह विचार है कि अनुशासनहीनता या कदाचार का किया गया कार्य इतना गंभीर है कि श्रमिक को और कार्य करने की अनुमति न दी जाए, श्रम अधिकारी, मामले की जांच लंबित रहने तक श्रमिक को निलंबित करेगा और इसकी सूचना तत्काल उपाध्यक्ष को देगा जो मामले की प्रारंभिक जांच के बाद उस पर आदेश देगा कि श्रमिक को, अंतिम आदेश होने तक निलंबित रखा जाए अथवा नहीं,

(iv) यदि श्रमिक को मद (iii) के अंतर्गत किसी आदेश द्वारा निलंबित किया गया है, उसे उसके निलंबन की तारीख से प्रारंभिक 90 दिनों के लिये उसके मूल वेतन, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों का आधे भाग का निर्वाह भत्ता जो वह वेतनयुक्त अवकाश पर जाने पर लेने का हकदार होता, भुगतान किया जाएगा और उसके बाद अध्यक्ष, असाधारण मामलों में, ऐसे मूल वेतन, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों की तीन चौथाई राशि के बराबर अधिक निर्वाह भत्ता दे सकेगा ;

बशर्ते कि यदि ऐसी उस जांच की अवधि सीधे श्रमिक पर आरोपित कारणों से 90 दिनों की अवधि से अधिक नहीं हो जाती है, तो नब्बे दिनों से अधिक अवधि के लिये निर्वाह भत्ता कम करके मूल वेतन, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों का एक चौथाई कर दिया जाएगा।

(v) इस प्रकार दिया जाने वाला निर्वाह भत्ता किसी मामले में वापस नहीं लिया जा सकेगा या जब्त नहीं किया जा सकेगा।

(vi) यदि उपाध्यक्ष यह निर्णय लेते हैं कि अनुशासनहीनता या कदाचार के अभियोग की जांच लंबित रहने तक श्रमिक के निलंबित के आदेश नहीं दिए जाने चाहिये थे, या यदि व्यापक जांच होने के बाद कोई श्रमिक उस पर लगाए गए आरोपों का दोषी नहीं पाया जाता है श्रमिक प्रशासनिक निकाय से वह वेतन प्राप्त करने का हकदार होगा जो उपाध्यक्ष द्वारा नियत किया जाएगा।

बशर्ते कि इस प्रकार की जाने वाली राशि किसी विशेष अवधि के दौरान दिये जाने वाले या भुगतान किये जा चुके निर्वाह भत्ते की राशि से घटा दी जाएगी ।

(4) यदि श्रम अधिकारी के विचार में सब क्लॉज 3 के मद (2) और

(3) में उल्लिखित दण्ड से उच्च दण्ड देना उपयुक्त है तो वह इस मामले की सूचना उपाध्यक्ष को देगा ।

(5) सब क्लॉज (4) के अंतर्गत श्रम अधिकारी से या नियोक्ता अथवा अन्य किसी व्यक्ति से रिपोर्ट मिलने पर पूल का कोई सूचीगत डॉक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिक स्कीम के उपबन्धों में से किसी का अनुपालन करने में असफल रहा है, या उसने अनुशासनहीनता अथवा कदाचार का कार्य किया है, या मानक उत्पादन प्रस्तुत करने में लगातार असफल रहा है या स्कीम के उपबन्धों का एक से अधिक बार उल्लंघन किया है या अन्य किसी रूप में अकुशल रहा है उपाध्यक्ष ऐसी कार्रवाई कर सकता है अथवा करा सकता है जो वह उपयुक्त समझे, और उसके बाद संबंधित मजदूर के संबंध में निम्नलिखित कोई कदम उठा सकता है अर्थात् निम्नलिखित कोई दण्ड दे सकता है—

(क) निर्धारित करेगा कि श्रमिक उस अवधि के लिये जो वह उचित समझे, किसी भुगतान या क्लॉज 40 के अंतर्गत आंशिक भुगतान का हकदार नहीं होगा,

(ख) उसे लिखित चेतावनी देगा,

(ग) अधिक से अधिक तीन महीने की अवधि के लिये उसे वेतन रहित निलंबित करेगा,

(घ) उसे 14 दिनों का नोटिस या उसके स्थान पर महंगाई भत्ते सहित 14 दिनों का वेतन देने के बाद उसकी सेवाएं समाप्त कर देगा, या

(ङ) उसे बर्खास्त कर देगा ।

(6) इस क्लॉज के अंतर्गत किसी कार्रवाई के किये जाने से पहले संबंधित व्यक्ति को कारण बताने का अवसर दिया जाएगा कि उसके विरुद्ध प्रस्तावित कार्रवाई क्यों नहीं की जाए, और वह व्यक्ति यदि वह ऐसा चाहे, उस कार्रवाई के संबंध में प्रमाण प्रस्तुत कर सकेगा । संबंधित व्यक्ति को अंतिम आदेश की एक प्रति भी भेजी जाएगी ।

(7) इस क्लॉज के अंतर्गत की जाने वाली कार्रवाई के बारे में प्रशासनिक निकाय को भी साथ-साथ सूचित किया जाएगा ।

(8) क्लॉज 41 एवं 42 में निहित किसी बात के बावजूद निम्नलिखित टेबल के कॉलम (2) में निर्दिष्ट प्रावधानों के अंतर्गत नीचे दिए गए टेबल के कॉलम (1) में निर्दिष्ट प्राधिकारी में निहित शक्तियां उस टेबल के कॉलम (3) में परवर्ती प्रविष्टि में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भी ऐसे मामलों में प्रयोग में लाई जा सकेगी जो अंतिम नामित प्राधिकारी इस बारे में लिखित रूप में निर्दिष्ट करें:—

टेबल

कार्रवाई करने के लिये शक्ति प्राप्त अधिकारी	वह प्रावधान जिसके अंतर्गत शक्ति प्रवत्त है	विनिर्दिष्ट मामलों में कार्रवाई करने के लिये शक्ति प्राप्त प्राधिकारी
1	2	3
1. श्रम अधिकारी	क्लॉज 41 और 42	प्रशासनिक निकाय
2. कार्मिक अधिकारी	क्लॉज 42	उपाध्यक्ष या अध्यक्ष
3. उपाध्यक्ष	क्लॉज 42	अध्यक्ष

9. अनुच्छेद 43 के अधीन अध्यक्ष की शक्तियों को प्रभावित किए बिना एक सूचीबद्ध नियोक्ता को पूरा अधिकार होगा कि वह उसके अधीन नियुक्त मासिक श्रमिकों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई कर सके ।

43. अध्यक्ष की विशेष अनुशासनिक शक्तियां :

स्कीम में किसी बात के निहित होने के बावजूद यदि अध्यक्ष इस बात से संतुष्ट है कि सूचीगत डॉक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिकों के किसी गैंग द्वारा अथवा किसी ऐसे विशेष श्रमिक द्वारा "धीमे काम करो" फिर से शुरू किया जाता है और उसी गैंग अथवा श्रमिक अथवा विभिन्न गैंगों अथवा श्रमिकों द्वारा जारी रखा जा रहा है या फिर से चालू किया जाता है, तो वह इस आशय की लिखित घोषणा कर सकते हैं।

2. जब सब क्लॉज (1) के अंतर्गत घोषणा की जाती है, वह अध्यक्ष के लिये विधिसम्मत होगा:—

(i) मासिक मजदूरों के मामले में सूचीगत नियोक्ताओं के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे मजदूरों की बर्खास्तगी सहित ऐसी कानूनी कार्रवाई करना, जो वह समुचित समझें, और

(ii) पूल में सूचीगत डॉक क्लीयरिंग एवं फोरवर्डिंग श्रमिकों के मामले में ऐसे श्रमिकों के विरुद्ध बर्खास्तगी सहित ऐसी कानूनी कार्रवाई करना जो वह उचित समझें और ऐसी मजदूरी अवधि या अवधियों, जिसके दौरान उन्होंने "धीमे काम करो" चालू रखा, के उनके गारंटी प्राप्त न्यूनतम वेतन और उपस्थिति भत्ता को जब्त करने के भी आदेश देना।

(3) अध्यक्ष कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं—

(i) जहां किसी गैंग द्वारा "गो स्लो" रखा जाता है, गैंग के सभी सदस्यों के खिलाफ, और

(ii) जहां किसी श्रमिक द्वारा "गो स्लो" रखा जाता है, संबंधित श्रमिक के खिलाफ ।

(4) किसी श्रमिक या श्रमिकों के गैंग के खिलाफ इस क्लॉज के अंतर्गत किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई करने से पहले ऐसे श्रमिक या गैंग को कारण बताने का अवसर दिया जाएगा कि उनके खिलाफ प्रस्तावित कार्रवाई क्यों नहीं की जाए,

